Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 जुलाई, 2023

समर्थ: कौशल विकास के माध्यम से वस्त्र क्षेत्र को सशक्त बनाना

हाल ही आयोजित एक बैठक में वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना (समर्थ) की अधिकार प्राप्त समिति ने वस्त्र उद्योग में कौशल विकास को बढ़ाने के लिये महत्त्वपूर्ण विकास की घोषणा की। **समर्थ का लक्ष्य** 43 नए कार्यान्वयन भागीदारों और **75,000 लाभार्थियों को प्रशिक्षण देने** के साथ ही **कार्यबल को आवश्यक कौशल प्रदान** करना है। **लागत मानदंडों** में 5% की वृद्धि के साथ फंडिंग पैटर्न को भी संशोधित किया गया है जो इस योजना के तहत कौशल प्रदान करने वाले उद्योगों को **आवश्यक अतिरिक्त वित्तीय सहायता** देगा। समर्थ 28 राज्यों और 6 केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करता है, जो महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए SC, ST और हाशिये पर मौजूद श्रेणियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित करता है। समर्थ **योजना वस्त्र मंत्रालय का एक मांग आधारित और रोज़गार प्रदान करने वाला प्रमुख कौशल कार्यक्रम है, जिसे कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा अपनाई गई व्यापक कौशल नीति** ढाँचे के अंतर्गत तैयार किया गया है।

और पढ़ें... समर्थ योजना

साइंस ऑफ क्राइंग

रोने की प्रक्रिया में **लैक्रिमल ग्रंथि (Lacrimal Gland) आँसू के रूप में द्रव उत्पन्न करती है** जिससे **कंजंक्टिवा (Conjunctiva- आँख के सफेद भाग और भीतरी पलकों को ढकने वाली झिल्ली)** उभर जाती है। ये आँसू **कंजंक्टिवल थैली (Conjunctival Sac)** में नलिकाओं के एक नेटवर्क को पार करते हुए **लैक्रिमल थैली (Lacrimal Sac)** तक पहुँचते हैं तथा लैक्रिमल वाहिनी के माध्यम से **नाक गुहा (Nasal Cavity), जो आँखों को नाक से** जोड़ती है, में प्रवेश करते हैं। इस जल निकासी प्रक्रिया के कारण कभी-कभी **संकुलन या नाक बंद होने का आभास** हो सकता है। हालाँकि **लैक्रिमल डक्ट (Lacrimal Duct)** के अंत में एक **फ्लैप वाल्व (Flap Valve)** होता है **जो आँसुओं को आँखों में वापस बहने से रोकता है।**



34वाँ अंतर्राष्ट्रीय जीव-विज्ञान ओलंपियाड

3 जुलाई से 11 जुलाई, 2023 तक संयुक्त अरब अमीरात के अल-ऐन में आयोजित **34वें अंतर्राष्ट्रीय जीव-विज्ञान ओलंपियाड (IBO)- 2023** में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। इस वर्ष के **IBO में 76 देशों के 293 छात्र** शामिल थे। यह पहली बार है कि भारत ने **IBO** में स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। यह भी पहली बार है कि **भारत, ओलंपियाड में पदक तालिका में शीर्ष स्थान** पर रहा है

केर पूजा

केर पूजा **त्रिपुरा राज्य में मनाया** जाने वाला एक धार्मिक **उत्सव** है। इसमें **संरक्षक ईष्ट, जिन्हें केर कहा जाता है**, की पूजा की जाती है। यह **खर्ची पूजा** के कुछ दिनों बाद मनाया जाता है। यह उत्सव मुख्य रूप से अगरतला में मनाया जाता है। त्योहार के दिन **शहर के प्रवेश द्वार पर ताला लगा** दिया जाता है और क्षेत्र में बाहरी क्षेत्रों के लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-12-july-2023